# जमीन विवाद में फावड़ा मारकर चचेरे भाई की हत्या

▶ नीमच में परिजनों ने शव रखकर किया चक्काजाम, गिरफ्तारी की मांग

**नीमच। जिले के सरवानिया महाराज चौकी क्षेत्र के लासूर धामनिया में मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान चचेरे भाई ने युवक पर फावड़े से हमला कर दिया। युवक पवन बारोट गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना गुरुवार देर शाम की है।**

एसपी कार्यालय पहुंचे परिजन, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

पवन की मौत की खबर फैलते ही गांव में तनाव की स्थिति बन गई। मृतक की पत्नी और बड़ी संख्या में परिजन न्याय की गुहार लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एडिशनल एसपी नवल सिंह सिसोदिया को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। परिजनों ने बताया कि निर्माण कार्य जैसी छोटी सी बात पर परिवार के ही लोगों ने पवन की हत्या कर दी।

**कंट्रोल रूम के सामने मुख्य मार्ग पर शव रखकर किया विरोध प्रदर्शन**– प्रशासन की शुरुआती समझाइश से परिजन संतुष्ट नहीं हुए। इसके बाद, आक्रोशित परिजनों ने जिला अस्पताल से पवन का शव लाकर सीधे कंट्रोल रूम के सामने मुख्य मार्ग पर रख दिया और चक्काजाम कर दिया। इस प्रदर्शन के कारण यातायात पूरी तरह ठप हो गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। चक्काजाम और हंगामे की सूचना मिलते ही सीएसपी किरण चौहान, तहसीलदार अजेंद्र नाथ प्रजापत और कैंट थाना प्रभारी निलेश अवस्थी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित परिजनों को शांत करने का काफी प्रयास किया और आश्वासन दिया कि कानून अपना काम कर रहा है। न्याय की मांग को लेकर परिजन जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी पहुंचे। उन्होंने एडिशनल एसपी नवल सिंह सिसोदिया को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।





**पत्नी ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप**

पुलिस के अनुसार, मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है और जांच जारी है। शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है, जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मृतक की पत्नी सुगना बारोट ने आरोप लगाया कि उनके मकान की दीवार का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान आरोपी मुकेश बारोट पुत्र शंकरलाल, निवासी लासूर धामनिया ने उनके पति पवन पर फावड़े से हमला कर दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुकेश के पिता और अन्य परिजनों ने भी पवन के साथ मारपीट की। इस हमले में पवन को गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई और बाद में उनकी मौत हो गई।



## बस्ती के बच्चों संग मनाई मकर संक्रांति, प्रेरणा समाजोत्थान समिति ने बांटी रंग बिरंगी पतंगें

**नीमच।** मकर संक्रांति पर झुग्गी बस्तियों के बच्चों की खुशी का ठिकाना न रहा जब उन्हें अपनी पसंद की पतंग और डोर मिली। मकर संक्रांति की सुबह दान पुण्य धर्म लाभ का दौर शुरू हुआ तो दूसरी तरफ सामाजिक संस्था प्रेरणा समाजोत्थान समिति की टीम झुग्गी बस्तियों में पहुंची। खुशियां बांटने की शुरुआत चौकन्ना बालाजी को तिल गुड़ और पतंग अर्पित कर की गई। इसके बाद समीप ही बस्ती में जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को एकत्रित किया गया। फिर एक एक कर उनके हाथों में रंगबिरंगी पतंग और डोर थमाई गई तो बच्चे मारे खुशी के झूम उठे। बच्चों को रेवड़ी खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। संस्था अध्यक्ष डॉ प्रेरणा ठाकरे ने बच्चों और उनके परिजनों को सनातन संस्कृति में मकर संक्रांति पर्व का महत्व बताया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। संस्था के वरिष्ठ सदस्य डॉ महिपालसिंह चौहान, नीमच जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष श्याम गुर्जर, हर्ष खाटरा आदि ने भी शुभकामनाएं दीं और उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित किया। संस्था के आदित्य सागर, अक्षत चौरसिया, दिव्यांशु सागर, शुभम कोटवानी, प्रणव परिहार, प्रतिभा चौधरी, प्रगति चौधरी, संस्कृति जैन आदि के साथ टीम ने उमावि क्रमांक 2 परिसर में खुले में रहने वाले परिवारों के बच्चों सहित अन्य बस्तियों में पतंग डोर और रेवड़ी के साथ मकर सक्रांति की खुशियां बांटी।

## एक नजर में

### कृषि मंडी निरीक्षक पर हमला, मची अफरा-तफरी, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**नीमच।** कृषि मंडी में गुरुवार शाम अचानक तनावपूर्ण माहौल बन गया, जब एक युवक ने आक्रोशित होकर मंडी निरीक्षक के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंडी निरीक्षक समीर दास अपने कार्यालय में कार्य कर रहे थे, तभी आरोपी आशुतोष शर्मा वहां पहुंचा और विवाद करने लगा। बात बढ़ने पर उसने झूमाझटकी करते हुए निरीक्षक को थप्पड़ मार दिया, जिससे कार्यालय में हड़कंप मच गया। अचानक हुए हमले से कर्मचारी घबरा गए और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शोर सुनकर अन्य कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और बीचबचाव कर स्थिति को संभाला। सूचना मिलते ही बघाना थाना पुलिस ने रात करीब 10 बजे कार्रवाई करते हुए मंडी निरीक्षक समीर दास की शिकायत पर आरोपी आशुतोष शर्मा पिता रामेश्वर शर्मा, निवासी कुमारिया के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस के अनुसार आरोपी सुरक्षा गार्ड कंपनी से नौकरी से निकाले जाने और वेतन रोके जाने से नाराज था, इसी गुस्से में उसने मंडी कार्यालय में घुसकर यह घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 296(बी), 351(3) व 324(3) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इंदौर का जहरीला पानी कांड और नीमच की स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के खिलाफ कांग्रेस का आज 'उपवास'

**नीमच।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी नीमच द्वारा आज 17 जनवरी शनिवार को शहर के प्रमुख भारतमाता-फोर जीरो चौराहे पर 'उपवास एवं विरोध प्रदर्शन' आयोजित किया जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने बताया कि यह आंदोलन इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीले पानी के सेवन से हुई 23 निर्दोष नागरिकों की मौत के खिलाफ प्रशासन की लापरवाही को उजागर करने के लिए किया जा रहा है। इसके साथ ही नीमच जिले की स्थानीय ज्वलंत समस्याओं को लेकर भी कांग्रेस जन आवाज उठाएंगे। उपवास के माध्यम से स्थानीय मुद्दों पर कांग्रेस मांग करेगी कि मनासा में फैली जीबीएस बीमारी के मरीजों का उचित और निशुल्क उपचार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नीमच जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं की चरमराती व्यवस्था और स्थानीय विधायकों की अकर्मण्यता के कारण मरीजों के इलाज के लिए राशि न होने जैसे गंभीर विषयों पर विरोध जताया जाएगा। कांग्रेस का आरोप है कि शासन की विफलता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। श्री बाहेती ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा मनरेगा के कानूनी अधिकारों को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है, जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। उपवास की समाप्ति के बाद कांग्रेस पदाधिकारी जिला चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं और फंड की कमी को लेकर उग्र प्रदर्शन भी करेंगे।

### संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने नीमच में संकल्प से समाधान शिविर का किया निरीक्षण



**नीमच।** कमिश्नर उज्जैन आशीष सिंह ने शुक्रवार को नीमच के पीपलीचौक में नगरपालिका नीमच द्वारा संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। कमिश्नर ने नगरपालिका नीमच की ओर से हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए। इस मौके पर कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा व अन्य जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूल में प्रवेश की चयन परीक्षा के आवेदन भरने की तिथि बढ़ी

**नीमच।** जिला स्तरीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नीमच एवं विकासखण्ड स्तरीय मॉडल स्कूल जावद एवं नीमच में सत्र 2026-27 में कक्षा 9वी में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 29 दिसम्बर से प्रारम्भ की गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। अब आवेदन 28 जनवरी 2026 तक भरे जा सकते हैं। राज्य ओपन बोर्ड के द्वारा प्रवेश हेतु प्रतिवर्ष चयन परीक्षा का आयोजन किया जाता है। आवेदक एम.पी.आनलाईन के माध्यम से चयन परीक्षा हेतु आवेदन प्रस्तुत करेंगे। चयन परीक्षा शुल्क राशि 200/- निर्धारित है जिसे आनलाईन आवेदन पत्र भरते समय जमा किया जा रहा है। चयन परीक्षा की तिथि 8 फरवरी 2026 निर्धारित है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम. मांगरिया ने जानकारी देते हुए बताया, कि उक्त चयन परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को जिला स्तर पर संचालित शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. तथा मॉडल स्कूलों में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययन का अवसर प्राप्त होता है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उत्कृष्ट विद्यालयों एवं मॉडल विद्यालयों में बेहतर व्यवस्थाऐं प्रदान की जाती है।

### इनर व्हील डायमंड की आधिकारिक यात्रा आज

**नीमच।** इनर व्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड डिस्ट्रिक्ट 304 द्वारा शनिवार, 17 जनवरी को डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन श्रीमती विभा सिंह के आधिकारिक भ्रमण के अवसर पर विविध सेवा एवं सामाजिक प्रकल्पों का आयोजन किया जा रहा है। क्लब अध्यक्ष पूजा गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे रोटरी डायमंड पार्क, नीमच में क्लब की सदस्याओं द्वारा स्वागत, सम्मान एवं पौधारोपण कार्यक्रम से होगी। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे शासकीय प्राथमिक विद्यालय, खड़ावदा में शुद्ध जल एवं हैंडवॉश यूनिट का लोकार्पण, टीवी, साउंड सिस्टम, टाटपट्टी तथा विद्यार्थियों को जूते वितरित किए जाएंगे। दोपहर 1 बजे शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2, नीमच में विद्यालय भ्रमण किया जाएगा, जहां क्लब द्वारा विद्यालय को 'हैप्पी स्कूल' बनाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

## सिंहस्थ प्रोजेक्ट के विभिन्न निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करवाएं, मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

**नीमच।** प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने शुक्रवार को वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम प्रगति के विकास प्रोजेक्ट एवं सिहंस्थ विकास कार्यो के प्रोजेक्ट की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। नीमच के एनआईसी कक्ष में इस वी.सी. में संभागायुक्त उज्जैन श्री आशीष सिंह, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा भी मौजूद थे।

मुख्य सचिव जैन ने वीडियों कांफ्रेसिंग में छोटा उदयपुर धार रेल लाइन प्रोजेक्ट इंदौर बुधनी न्यू लाईन, प्रोजेक्ट सिंहस्थ के प्रोजेक्ट की विस्तार से समीक्षा की और निर्देश दिए, कि सिहस्थ से पहले इंदौर ,बुधनी न्यू लाइन प्रोजेक्ट और छोटा उदयपुर धार रेल्वे लाईन के प्रोजेक्ट का कार्य पूरा हो जाए, इसमें कोई दिक्कत ना आए। मुख्य सचिव ने विभिन्न स्वीकृत प्रोजेक्ट के कार्यो में भू अर्जन मुआवजा राशि का प्राथमिकता से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित जिलों के कलेक्टरों को दिए है।





वी.सी.में मुख्य सचिव ने सिंहस्थ प्रोजेक्ट रतलाम महू खण्डवा, अकोला रेल्वे लाईन, इटारसी नागपुर 3 रेल्वे लाईन मलानखण्ड कापर प्रोजेक्ट, दिल्ली मुम्बई इडस्ट्रीयल कोरीडोर प्रोजेक्ट-3 उज्जैन जावरा ग्रीन फील्ड 4 लेन निर्माण, उज्जैन मक्सी 4 लेन निर्माण, इगोरिया उन्हेल टू लेन रोड निर्माण, हिगोरिया देपालपुरा टू-लेन निर्माण, इंदौर उज्जैन ग्रीन फील्ड 4 लेन निर्माण कार्य सहित उज्जैन सिहंस्थ बायपास पलेन निर्माण हरि फाटक 4 लेन आरओं की निर्माण, बडवाह, धामनौद, 4 लेन निर्माण सहित उज्जैन में निर्माणाधीन सीवरेज प्रोजेक्ट वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट आदि निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा की और सभी प्रोजेक्ट का कार्य तेजी से पूरा करवाने के निर्देश दिए।

## जीबीएस बीमारी से डरें नहीं, लक्षणों के प्रति जागरूक रहें : कलेक्टर

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा ने स्वास्थ्य एडवाईजरी जारी करते हुए बताया, कि विगत कुछ दिनो से जिले के मनासा क्षेत्र में जी.बी.एस. (गिलीयन बार्रे सिंड्रोम) के लक्षणों वाले कुछ मरीज संज्ञान में आने के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के दल द्वारा घर-घर जाकर लक्षणों वाले बच्चों एवं व्यस्कों को चिन्हित किया जाकर, उनका समुचित उपचार किया जा रहा है।

कलेक्टर ने कहा, कि जिले के मनासा क्षेत्र में कुछ बच्चों में बुखार के साथ मांसपेशियों में कमजोरी की जानकारी एवं सूचना मिली थी, सूचना के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल कालेज एवं महिला बाल विकास विभाग का संयुक्त दल गठित कर मनासा नगर में घर-घर सर्वे करवाया जा रहा है। सर्वे में जिन बच्चों या व्यस्क में लक्षण मिले है, उनका सैंपल लिया जा रहा है तथा स्थानीय उपचार प्रदान किया जा रहा है, आवश्यकता होने पर रैफर भी किया जावेगा।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.खद्योत ने बताया, कि जी.बी.एस. सिंड्रोम एक ऑटो इम्युन बीमारी है, जो अक्सर वायरल बुखार के साथ आ सकती है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अपनी ही नसों पर हमला करती है और व्यक्ति के शरीर की मांसपेशियों में कमजोरी आने लगती है। साथ ही अचानक कमजोरी आना, हाथ, पैरों में सून्नपन होना, चलने में या सीढियां चढने में परेशानी होना, बोलने या निगलने में, सांस लेने में तकलीफ होना भी इस बीमारी के लक्षण हो सकते है।

डॉ.खद्योत ने आमजन से अपील की है, कि यह बिमारी संक्रामक नहीं है अर्थात एक व्यक्ति से दुसरे व्यक्ति में नहीं फैलती है, इसलिये व्यक्ति की देखभाल करने में कोई समस्या नही है। बीमारी से बचने के लिये भोजन पूर्ण पकाकर ही खाए, अधपका भोजन नही खाए, पानी को सदैव उबालकर ही पीये, पानी का क्लोरिनेशन करें या क्लोरिन टेबलेट से उपचारित पानी का उपयोग करे, खाना खाने तथा पकाने से पहले तथा शौच से आने के बाद साबुन से हाथ धोए, पशुओं को छूने के बाद, चारा खिलाने के बाद भी अच्छे से हाथ धोना सुनिश्चित करे। डॉ. खद्योत ने बताया, कि उक्त बिमारी में उपचार के लिए जिले में समुचित व्यवस्था उपलब्ध है तथा आवश्यकता पड़ने पर मेडिकल कॉलेज में भी उपचार की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है।

## कलेक्टर ने मनासा का भ्रमण कर बच्चों की उपचार व्यवस्था का जायजा लिया

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को सुबह मनासा के वार्ड नम्बर 15 रामनगर का भ्रमण कर, रहवासियों से चर्चा की। उन्होने रामनगर वार्ड नम्बर 15 में निवासरत बीमार बालिका सिद्धी पिता कमल बडोदिया के घर जाकर परिजनों से चर्चा की और शुद्ध पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने बालिका सिद्धी की उपचार व्यवस्था के बारे में पूछा। बालिका सिद्धी के परिजनों ने बताया, कि सिद्धी को पैरो में दर्द की शिकायत थी, जो उपचार के बाद अब काफी ठीक हो गई है। कलेक्टर ने इसी मोहल्ले में उपचारत बालक यथार्थ पिता दिनेश नायक के घर जाकर, यथार्थ के परिजनों से चर्चा कर कुशलक्षेम पूछी और यथार्थ की उपचार व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि अब यथार्थ की तबीयत में काफी सुधार है। रहवाससियों ने चर्चा में बताया, कि रामनगर मोहल्ले में सिद्धी यथार्थ उपचाररत है, जबकि मोहल्ले के निवासी अन्य लोग और यथार्थ व सिद्धी के घर में भी सभी सदस्य पूरी तरह स्वस्थ है। इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देश दिए, कि वे बीमार बच्चों के घर जा रही नल जल पाईपलाईन की अच्छी तरह से जांच करवाए। यह सुनिश्चित करें, कि कही कोई लाईन में लिकेज से नही है, यदि लीकेज पाया जाता है, तो उसे तुरंत ठीक करवाएं



कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मनासा के वार्ड नम्बर 15 रामनगर की विभिन्न गलियों का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था, जल स्त्रोतो के शुद्धिकरण कार्य और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आर.के.खद्योत, बी.एम.ओ.व चिकित्सकों की टीम, स्वास्थ्य विभाग भोपाल आईडीएचपी के कन्सलटेंट श्री शैलेन्द्र सिह एवं डॉ.सैया उप संचालक स्वास्थ्य उज्जैन, डॉ. संजय कुमरावत से चर्चा कर बीमार बच्चों के उपचार की व्यवस्था, पानी की सेम्पलिंग के कार्य घर,घर सर्वेक्षण कार्य आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने उप संचालक पशुपालन, मुर्गी एवं बकरी पालन, कर रहे कुकुक्ट पालन, पशुपालकों के यहां से भी सेम्पल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजने के निर्देश दिए। उन्होने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को मनासा शहर में विभिन्न स्थानों से खाद्य पदार्थों के संस्थानों की जांच कर, खाद्य सामग्री के सेम्पल लेकर जांच के लिए भेजने के निर्देश भी दिए है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आर.के. खद्योत ने बताया कि जी.बी.एस सक्रामक बीमारी नही है।घबराने की जरूरत नही है पानी कुछ समय उबालकर पीए।

## डॉक्टरों की नीमच से उदयपुर साइकिल यात्रा संपन्न

▶ पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली के लिए अनुकरणीय उदाहरण

**नीमच।** बढ़ते वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है, जिसे कम करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को साइकिल जैसे पर्यावरण-अनुकूल साधनों को अपनाना चाहिए यह पर्यावरण के साथ साथ अपने स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी हैं आजकल की जीवनचर्या मैं प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं को प्रसन्न और स्वास्थ्य रखने के लिए नियमित रूप से शारीरिक और मानसिक व्यायाम, योग, ध्यान, और आध्यात्मिक अभ्यास करते रहना चाहिए यह बात आईएमए नीमच के चिकित्सको की नीमच से उदयपुर साइकिल यात्रा को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए आरनटी ( शासकीय) मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विपिन माथुर कहीं ज्ञात रहे कि आईएमए नीमच के छह चिकित्सक अध्यक्ष डॉ मनीष चमड़िया,सचिव डॉ आदित्य भंडारी, डॉ संजय गुप्ता, डॉ प्रकाश पटेल, डॉ दीपक पाटीदार और डॉ अर्णव चंदेल नीमच से उदयपुर साइकिल यात्रा कर लोगों को यह जनजागृति का संदेश दिया है !आईएमए नीमच की इस अनुकरणीय पहल की राज्य और राष्ट्रीय इकाई ने सराहना की आईएमए उदयपुर के अध्यक्ष डॉ आनंद गुप्ता, डॉ नवीन गोयल, डॉ अमित खण्डेलवाल ने भी बधाई दी चिकित्सकों के वापस नीमच लौटने पर आईएमए परिवार द्वारा उनका स्वागत किया गया आईएमए नीमच अध्यक्ष डॉ मनीष चमड़िया,ने कहा कि इस साइकिल रैली के माध्यम से उन्होंने आमजन को स्वच्छ पर्यावरण, कम प्रदूषण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।तथा यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों से संवाद कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया।आईएमए नीमच सचिव डॉ आदित्य भंडारी ने कहा कि यह जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शीघ्र ही नीमच से चित्तौड़गढ़ की साइकिल यात्रा की जाएगी।

**एक नजर** ▶ पेयजल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन और नियमित लेब टेस्टिंग जारी

## नीमच जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल अभियान तेजी से जारी

**नीमच।** जिले में सभी 674 ग्रामों के नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उददेश्य से कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में स्वच्छ जल अभियान'' के तहत व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जनपद पंचायतों के समन्वय से पेयजल स्त्रोतों के शुद्धिकरण और रखरखाव का अभियान चलाया जा रहा है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री दीपेश वाष्पत ने बताया कि इस अभियान के तहत पीएचई विभाग के हैण्डपम्प टेक्निशियनों द्वारा जिले के ग्रामीण क्षैत्रों में स्थापित 4559 हैण्डपम्पों एवं नलजल प्रदाय योजनाओं के समस्त पेयजल स्त्रोतों, सार्वजनिक नलकूपों, कुओं व बावडियों का क्लोरिनेशन कार्य किया जा रहा है। क्लोरिनेशन के माध्यम से जल जनित रोगों की रोकथाम सुनिश्चित की जा रही है, ताकि ग्रामीणों को संक्रमण मुक्त पेयजल जल मिल सके।

आधुनिक प्रयोगशालाओं में जल परीक्षण पानी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए जिला स्तर पर नीमच एवं विकासखण्ड स्तर पर मनासा में स्थापित पेयजल परीक्षण प्रयोगशालाएं पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रही है।

इन लेब में पानी के जीवाणु और रासायनिक दोनों प्रकार के परीक्षण प्रतिमाह प्रयोगशालाओं में 300-300 लक्ष्य लेकर किये जा रहे है, ताकि फ्लोराईड, नाईट्रेड और अन्य हानिकरक तत्वों की समय रहते पहचान की जा सके, इसके अतिरिक्त निजी पेयजल नमूनों एवं जिन क्षैत्रों में दूषित पानी से होने वाली आशंका, सूचना तथा पूर्व उदाहरण हो वहां के पेयजल स्त्रोतों को चिन्हित कर नियमित रूप से पेयजल परीक्षण किया जा रहा है, एवं इन क्षैत्रों की विशेष निगरानी की जा रही है।



**बुनियादी ढांचे का रखरखाव व सफाई** – नलजल योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए तकनीकी अमला मैदान में सक्रिय है, वर्तमान में निम्नलिखित पेयजल शुद्धिकरण कार्य युध्द स्तर पर किया जा रहा है –

**फील्ड टेस्ट किट का प्रशिक्षण** –लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के रसायनज्ञों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं/पंचायत प्रतिनिधियों/आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण शासकीय शालाओं के छात्र-छात्राओं को पेयजल गुणवत्ता परीक्षण हेतु फिल्ड टेस्ट किट से प्रशिक्षण दिया गया एवं शुध्द पेयजल का उपयोग पीने, खाना बनाने में उपयोग करने तथा नल का उपयोग न होने पर हमेशा टोटी लगाए रखने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### उच्च स्तरीय 191 टंकियों की सफाई

ग्रामीण क्षैत्रों में कार्यरत 191 उच्च स्तरीय पेयजल टंकियों को निर्धारित अंतराल में ग्राम पंचायत के माध्यम से साफ सफाई का अभियान चल रहा है।

लीकेज दुरूस्तीकरण – पाईपलाईन में होने वाली लीकेज को तुरंत सुधारा जा रहा है ताकि पानी की बर्बादी न हो और दूषित जल प्रवेश न कर सके।

चेंबर सफाई – वाल्व चेंबरों की सफाई और पाईपलाईन फलशिंग का कार्य भी नियमित रूप से किया जा रहा है।

सरपंच-सचिवों को कडे निर्देश – मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नीमच, जावद एवं मनासा द्वारा सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए है, निर्देशों के अनुसार –

ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित नलजल योजना के सभी अवयवों की स्वच्छता अनिवार्य है।

पेयजल वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरूध्द जवाबदेही तय की जाएगी।

खुले कुओं का यथा संभव उपयोग वर्जित रहे।आवश्यकता होने पर खुले कुओं का स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से ब्लीचिंग पाउडर आदि डलवाकर डिसइन्फेक्शन कराया जाए।

कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने ग्रामीणों से भी अपील की है कि पेयजल स्त्रोतों के आसपास गंदगी न फैलाएं।